**भारत सरकार**

**संचार मंत्रालय**

**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 148**

**उत्तर देने की तारीख 07 दिसम्बर, 2022**

**बीएसएनएल को राहत पैकेज**

**148. श्री बी. मणिक्कम टैगोर:**

**श्री ए. राजा**

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड के पुनरुद्धार के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस पैकेज में 4जी स्पेक्ट्रम शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को उम्मीद है कि इस पुनरुद्धार योजना से बीएसएनएल का कायाकल्प होगा और अगले 3-4 वर्षों में इसमें निवल मुनाफा होगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बीएसएनएल के लिए मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ाने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ङ) बाजार में प्रतिस्पर्धा करने और अपनी प्रौद्योगिकी को उन्नत करने के लिए बीएसएनएल को दी जा रही सुविधाओं का ब्यौरा क्या है ताकि इसे समान अवसर प्राप्त हो सकें?

**उत्तर**

**संचार राज्य मंत्री**

**(श्री देवुसिंह चौहान)**

**(क) से (ङ)** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 27.07.2022 को हुई अपनी बैठक में बीएसएनएल/एमटीएनएल के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपये के पुनरुद्धार पैकेज की मंजूरी दी है। पुनरुद्धार उपायों में बीएसएनएल के साथ भारत ब्रॉडबैंड निगम लिमिटेड (बीबीएनएल) का विलय करके बीएसएनएल सेवाओं के लिए नए पूँजी निवेश, स्पेक्ट्रम आवंटन, इसकी बैलेंस शीट को डी-स्ट्रेस करने, फाइबर नेटवर्क को बढ़ाने और बीएसएनएल/एमटीएनएल को संप्रभु गारंटी देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

सरकार ने दिनांक 23.10.2019 को अपने पुनरूद्धार पैकेज के भाग के रूप में बीएसएनएल को 4जी स्पेक्ट्रम देने का अनुमोदन पहले ही कर दिया है। दूरसंचार विभाग ने अपने दिनांक 27.10.2022 के पत्र द्वारा मंत्रिमंडल के दिनांक 27.07.2022 के फैसले के मद्देनजर बीएसएनएल को 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में फ्रीक्वेंसी का पुन: समनुदेशन/ताजा समनुदेशन किया है। सरकार द्वारा अनुमोदित पुनरुद्धार उपायों के कार्यान्वयन के साथ बीएसएनएल के वित्त वर्ष 2026-27 में निवल मुनाफा के साथ कायापलट हो जाने की संभावना है। बीएसएनएल के समयबद्ध तरीके से कायापलट हेतु मोबाइल सेवाओं सहित बीएसएनएल के कारोबार के अलग क्षेत्र के लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

****